# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

**लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न**

## 21 फरवरी 2024

----

: [**सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी**].

**अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या**- 10

----

### वरीयता का निर्धारण

18. **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सभी सेवा संवर्गों में आपसी वरीयता का निर्धारण (क) सीधी भर्ती एवं समान ट्रांजेक्शन की स्थिति में सूची/पैनल में नाम के क्रम के अनुसार (ख) पृथक-पृथक विज्ञापन/ ट्रांजेक्शन की स्थिति में जिस वर्ष की रिक्ति के विरूद्ध नियुक्ति हुई, उसके अनुसार तथा (ग) संवर्ग के अधीन उच्चतर पद एवं वेतनमान वालों की वरीयता पदानुक्रम में निर्धारित किए जाने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि समाहरणालयों में प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय प्रतियोगिता परीक्षा 1998 के आलोक में नियुक्त लिपिक उच्च वर्गीय लिपिक है तदनुरूप उनकी वरीयता का स्थान दिनांक 20.12.2000 के पश्चात् समाहरणालय में अन्य रीति से नियुक्त नि.व.लि. से उच्च होना चाहिए ;

(ग) क्या यह सही है कि विभिन्न जिलों से वर्ष 1996 एवं 1997 में अधियाचित पदों के विरूद्ध प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय प्रतियोगिता परीक्षा से नियुक्त कर्मी की वरीयता का स्थान 1997 के बाद उसी संवर्ग में नियुक्त समान पद के कर्मी से ऊपर होना चाहिए क्योंकि

उनकी नियुक्ति पूर्व के वर्ष के उपलब्ध रिक्ति के विरूद्ध हुई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों को प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्त लिपिकों की वरीयता उनके योगदान की तिथि के अधार पर नहीं अपितु (क) बिहार लोक आयोग द्वारा प्रेषित मेधासूची के क्रम में (ख) 20.12.2000 के पश्चात् नि.व.लिपिक के रूप में नियुक्त कर्मी एवं (ग) 1998 के पश्चात नियुक्त लिपिकों के उपर (पूर्ववर्ती स्थान पर) निर्धारित करने संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश देने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## होटल खोलने का विचार

19. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला में पर्यटन होटल नहीं रहने के कारण पर्यटकों को ठहरने में कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारत्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला में पर्यटन विभाग द्वारा होटल खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

## बढ़ोतरी का लाभ

20. **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि बी.पी.एस.एम. द्वारा नियोजित आईटी प्रबंधकों को उनके 10 वर्षों के सफल कार्यावधि पूर्ण होने के उपरांत उनके मानदेय में 1 जनवरी 2024 से 5000 बढ़ोतरी का लाभ दिया गया है, जबकि 10 वर्षों के सफल कार्यावधि पूर्ण कर चुके Executive Assistant को इससे वंचित रखा गया;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारत्मक है, तो क्या सरकार 10 वर्षों के सफल कार्यावधि पूर्ण कर चुके Executive Assistant को 5000 बढ़ोतरी का लाभ देना चाहती है ,यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति लंबित

21. **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला में 71 जन वितरण प्रणाली के लिए अनुज्ञप्ति लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति लंबित होने के कारण गरीब लोगों को राशन मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) क्या यह सही है जन वितरण प्रणाली की सूची तैयार होने के पश्चात भी अनुज्ञप्ति प्रकाशित नहीं किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक हैं, तो क्या सरकार अनुज्ञप्ति जल्द से जल्द निकालना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बस/टेम्पू सर्विस का ठहराव

22. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर के विभिन्न रूटों में जगह-जगह विभाग द्वारा करोड़ों रुपया खर्च कर यात्री बस/टेम्पू स्टॉप वर्षों पहले निर्मित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बस/टेम्पू स्टॉप का अभी तक सही उपयोग नहीं हो रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि अभी भी पैसेंजर उठाने के लिए बस/टेम्पू जहां-तहां तथा जैसे-तैसे सड़कों पर रोक दिया जाता है जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना नगर के अंदर रिंग बस/टेम्पू सर्विस के ठहराव को व्यवस्थित कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रमाण-पत्र निर्गत

23. **श्री मो. सोहैब (विधान सभा):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या- 11/वि.-2-पि.व.आ.- 6/2005- 13623 सा.प्र., दिनांक- 10.09.2015 द्वारा राज्य

के अत्यंत पिछड़े वर्गों की सूची एवं पिछड़े वर्गों की सूची का सम्प्रेशन कर गजट प्रकाशित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गजट के क्रमांक-44 पर नाई जाति का उल्लेख है जिसके नोट में हिन्दू एवं मुस्लिम का उल्लेख नहीं रहने पर दोनों जातियों के लिए प्रमाण-पत्र निर्गत करने का प्रावधान किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के सारण, छपरा सदर, दरियापुर एवं अमनौर प्रखंड के नाई मुस्लिम समुदाय के लोग जब ऑनलाइन जाति प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करते हैं तो स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा गजट के क्रमांक-100 पर अंकित ठकुराई (मुस्लिम) जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए बाध्य किया जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्रमांक-44 पर अंकित नाई (मुस्लिम) जाति का प्रमाण-पत्र निर्गत करने का निर्देश उक्त प्रखंडों के पदाधिकारियों को देना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## जमीन उपलब्ध

**24. श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने अभियान बसेरा कार्यक्रम के तहत सर्वेक्षण में 96 हजार बासगीत भूमि वाले परिवार चिन्हित किए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सरकारी भूमि नहीं मिलने पर जमीन खरीद कर उनके रहने के लिए बनाई गयी रैयती भूमि क्रय नीति के तहत कलेक्टर (20 परिवार) में बसाने हेतु एक ही जगह 120 डिसमिल जमीन खरीदी जाएगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बासगीत भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराना चाहती है ,यदि हाँ तो कबतक?

----

## पी०सी०सी०एवं नाला

**25. श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के माधव नगर वार्ड नं०-08, रोड नं०-01 में रामस्नेही शर्मा के मकान से NH 110 तक पी.सी.सी. एवं ढ़क्कन सहित नाली निर्माण हेतु योजना चयनित है;

(ख) क्या यह सही है कि दिनांक- 14.07.2023 को ही योजना का चयन किया गया

है परंतु आज तक निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ है जिससे आए दिन उस रोड पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का कार्य यथाशीघ्र शुरु करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## सड़क अतिक्रमण मुक्त

26. **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनीसाबाद के मित्रमंडल कॉलनी स्थित साकेत विहार मोड़ से लेकर भिवनारामज चौक तक सड़क के दोनों तरफ का अतिक्रमण कर सब्जी, फल इत्यादि की स्थाई दुकान लगा दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि स्थाई दुकान लग जाने से सड़क की चौड़ाई कम पड़ जाने के कारण काफी जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है तथा आमजन का आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अतिक्रमण स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से किया जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फल एवं सब्जी की दुकानों को स्थायी रूप से हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करते हुए दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक कारवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## सामुदायिक भवन का निर्माण

27. **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगर परिषद् राजगीर के वार्ड नं०-7 में महादलित टोला है जहां सामुदायिक भवन नहीं रहने के कारण लोगों को सार्वजनिक बैठक एवं अन्य कार्यक्रमों में कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित वार्ड में सामुदायिक भवन का निर्माण करना चाहती है ,यदि हाँ तो

कबतक  नहीं तो क्यों ?

----